Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# आदमखोर की दहशत से घरों में कैद होने को मजबूर ग्रामीण


**दहशत**

## गुलदार की सक्रियता से जिले के सटे गांवों में फैल रही दहशत

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ। जिले के सटे गांवों में घनी आबादी के बीच इन दिनों गुलदार की लगातार बढ़ रही सक्रियता के चलते पूरे गांवों में दहशत फैलने लगी है। आलम यह है कि गुलदार की बढ़ रही दहशत के चलते स्थानीय गांव के ग्प्रमीण शाम ढ़लते ही घरों में ही कैद होने को मजबूर हो रहे है। बता दें कि बाजार से देर सांय घरों को जाने वाले लोग समूहों के साथ वापस लौट रहे है।

आलम यह है कि ये लोग अपने साथ लाठी डंड़े व धारदार हथियार साथ लेकर घरों से बाहर निकलने को मजबूर हो रहे है। दूसरी ओर महिलाएं खेत में घास काटने से कतरा रही है। गांव के ग्प्रमीणों का कहना है कि गांव में लगातार मानव व गुलदार के बीच वन संघर्ष की गतिविधियां होने के बावजूद वन महकमा आंखें मूदकर बैठा हुआ है। गांव के ग्प्रमीणों ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने



शुरू कर दिये है। गांववासियों का कहना है कि अभी तक वन विभाग द्वारा गुलदार प्रभावित गांवो में पिजड़े तक नही लगा पाया है। गांव के ग्प्रमीणों ने वन विभाग से दो टूक लफजों में कह दिया है कि यदि विभाग ने गुलदार को शीघ्र आदमखोर घोषित कर मार नही गिराया तो क्षेत्रवासी खुद मिलकर उसका प्रमुखता से हल निकालेगे। जिले के नजदीक के ही सटे गांवों में दिन रात गुलदार की बढ़ रही सक्रियता के चलते गांव के ग्रामीण थाली बर्तन बजाकर शोर मचाकर गुलदार को भगा रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक बीते पूर्व सितंबर माह में सुकौली में एक अर्द्वविक्षिप्त युवक को मौत के घाट उतारकर गुलदार वहां से भाग खडा हुआ। ठीक अगलेदिन छाना चंडाक में गयारह साल की किशोरी को भी गुलदार ने मौत के घाट उतार दिया। अगले दिन जंगल में घास लेने गये धारी चंडाक निवासी युवक पर हमला कर गुलदार वहां से भाग खड़ा हुआ है। वही अक्टूबर माह में भी ऐसी घटनाएं घट चुकी है। बता दें कि अब तक गुलदार के हमले में मारे गये युवक व महिला के परिवार वालों को मुआवजा देने में हुई देरी व आदमखोर गुलदार के बढ़ती दहशत से निजात न मिल पाने के कारण जिले के काग्रेस के पूर्व विधायक मयूख महर वन विभाग व क्षेत्रवसियों की मांग को लेकर जब तक ठोस पहल नही हो पाती वन विभाग के कार्यालय के आगे धरना प्रदर्शन कर वन महकमें के खिलाफ अपने कार्यकर्ताओं को लेकर गरजे। विधायक मयूख महर ने कहा कि अब तक केवल गश्त करने के नाम पर वन महकमा महज खानापूर्ति कर रहा है। वही आनन फानन में मुख्य वन संरक्षक से विधायक की दूरभाष पर हुई वार्तालाप के बाद मिले आश्वासन के बाद विधायक ने अपना अनशन बुधवार से बंद कर दिया। दूसरी ओर नगर पालिका अध्यक्ष राजेन्द्र रावत ने प्रभागीय वन अधिकारी को इस मामले पर कडी चिट्ठी भेजी है।

## न्यूज डायरी

### इंदिरा गांधी का शहादत दिवस कांग्रेस किसान अधिकार दिवस के रूप में मनाएगी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने ऐलान किया है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी का शहादत दिवस व लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती आगामी 31 अक्टूबर को कांग्रेस पूरे प्रदेश में किसान अधिकार दिवस के रूप में मनाएगी। धीरेंद्र प्रताप ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध यक्ष प्रीतम सिंह ने इस मौके पर राज्य की तमाम जिला कांग्रेस इकाइयों को इस दिन किसानों की मांगों को लेकर जिला मुख्यालयों पर धरना व सत्याग्रह आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि जब भी दिल्ली में कांग्रेस की सरकार आएगी किसान विरोधी कानून रद्दी की टोकरी में डाल दिए जाएंगे।

### बायो–कम्पोजिट वुड एंड वुड बेस्ड मटेरियल पर बेबिनार आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून के वनोपज प्रभाग के द्वारा ″बायो–कम्पोजिट वुड एंड वुड बेस्ड मटेरियल″ शीर्षक विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। बायोकोम्पोजिट एक ऐसी सामग्री है जो दो या अधिक विशिष्ट घटक सामग्रियों से बनी होती है, जिसे अलग–अलग घटक सामग्री जैसे प्लाई वुड, पार्टिकल बोर्ड, फाइबर बोर्ड और वुड पॉलीमर कंपोजिट में मिश्रित करके बेहतर सामग्री प्राप्त करने के लिए की जाती है। प्रारम्भ में डॉ. एन.के. उप्रेती, प्रमुख, वनोपज प्रभाग ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। वेबिनार का उद्घाटन करते हुए संस्थान निदेशक ए.एस. रावत ने अपने सम्बोधन में बायो–कम्पोजिट के महत्व पर जोर दिया।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के साथ मिलकर फाइनेंस विकल्प पेश किए

**संवाददाता** देहरादून। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने ग्राहक सबसे पहले की अपनी सोच के अनुपालन में आज सरकारी क्षेत्र के देश के अग्रणी, बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ करार करने की घोषणा की। इससे बड़ी संख्या में देश के शहरों और नगरों में कंपनी के ग्राहकों और वितरकों – दोनों के लिए फाइनेंस के विकल्प उपलब्ध होंगे। इस गठजोड़ के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा टीकेएम द्वारा बेचे जाने वाले वाहनों की पूरी रेंज के लिए पसंदीदा फाइनेंसर्स में से एक होगा। नई सेवा में ग्राहकों के लिए खासतौर से तैयार किए गए समाधानों का लाभ उठाना आसान करती है। इनमें गाड़ी की ऑनरोड कीमत का ज्यादातर हिस्सा, तकरीबन 90 प्रतिशत देना और किस्तें वापस करने की लंबी अवधि, 84 महीने शामिल है। यही नहीं पहले भुगतान करने या कर्ज खाता समय से पहले बंद करने का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

## सड़क का डामरीकरण कार्य शुरु होने पर विस अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया



**संवाददाता** ऋषिकेश। बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय पर आज विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल जी का भटटोवाला क्षेत्र की ग्राम प्रधान दीपा राणा के नेतृत्व में अनेक लोगों ने भटटोवाला, खैरी कला, गढी एवं गुमानीवाला क्षेत्र में पीएमजीवाईसी से 2 करोड रुपए की लागत से मोटर मार्ग मे डामरीकरण का कार्य प्रारंभ होने पर विधानसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल ने कहा है कि खैरी कला, गढी भटटोवाला, घुमानीवाला क्षेत्र के लिए पीएमजीवाईसी से मोटर मार्ग का कार्य प्रारंभ हो चुका है जो गुणवत्ता पूर्वक एवं तय समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण होगा। उन्होंने कहा है कि क्षेत्रवासियों को निर्माण कार्य पूरा होने पर आवागमन में आसानी होगी।

## जंगली सूअरों ने नष्ट की आलू,चौलाई मड़ूआ,फसल,मुआवजे की मांग

**संवाददाता** पुरोला। प्रखंड के रामा सिरांई पटटी के आधा दर्जन गांव में जंगली सुअरों ने आलू,मडूआ की खडी फसल बर्बाद कर दी है। प्रभावित कास्तकारों ने उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी से मुलाकात कर ज्ञापन देकर विभाग को निर्देश देने की गुहार लगाई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि रामा सिरांई पट्टी के ग्राम पंचायत स्यालुका, डोखरेणी,सुराणु सेरी पुसेली समेत आधा दर्जन गांव में आलू व मंडवा आदि फसल तैयार है किंतु बीते एक सप्ताह से धान,मडूआ व दाल आदि खडी फसल पर जंगली सुअरों का आतंक इस कदर बढ गया है कि सुअरों ने सैकडों हेक्टेयर फसल बर्बाद कर तहस–नहस कर दी है। कहा कि क्षेत्र में जंहा किसान हर वर्ष सैकडों कुंतल आलू,मंडवा वदालें बेचकर आजीविका चलाते थे वहीं सुअरों के फसल नष्ट करनें से ग्रामीणों के सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है वहीं गांव के विरेंद्र सिंह रावत,ओमप्रकाश रावत आदि सेब बागवानों का तीन वर्ष पूर्व लगाये सेब के पेड उखाड़ दिये।

ग्रामीणों ने सुअरों से फसलों को नुकसान के बारे में वन विभाग को भी बताया किंतु कोई कार्यवाही नहीं की गई। ग्रामीणों ने ज्ञापन में फसलों के नुकसान का जायजा लेने व फसलों की सुरक्षा को पुख्ता व्यवस्था करनें की मांग की।

*गांव में किसी के पास बंदूक नहीं है सुअरों से आलू,मंडवा आदि फसलों के नुकसान की शिकायत पर डीएफओ को वन कर्मियों की गस्त बढानें के बारे में बता दिया गया है ताकि फसलों कै बचाया जा सके।*

–सोहन सिंह सैनी
उपजिलाधिकारी पुरोला।

## अंबेडकर पार्क को प्रस्तावित भूमि पर अबैध कब्जे को लेकर आक्रोश

**संवाददाता**

### तहसीलदार को ज्ञापन देकर अवैध कब्जा हटानें व कब्जाधारक पर कार्यवाही की मांग

पुरोला। नगर पंचायत के पुरोला के वार्ड नंबर 6 मेंअंबेडकर पार्क,पुस्तकालय के लिए चयनित व प्रस्तावित भूमि पर अवैध कब्जा–निमार्ण हटाने को समिति के लोगों आक्रोश व्यक्त कर तहसीलदार चमन सिंह को बुधवार को ज्ञापन देकर अबैध कब्जा ध्वस्त करने व कब्जे धारक के खिलाफ कार्यवाही करनें की मांग की है। अंबेडकर समिति ने तत्काल कार्यवाही न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

ज्ञापन में कहा गया है कि नगर पंचायत पुरोला के वार्ड नंबर 6 नगर पंचायत कार्यालय भवन की बाउंड्री से लगी सरकारी भूमि को 5 वर्ष पहले अंबेडकर पार्क व पुस्तकालय के लिए तत्कालिन पंचायत बोर्ड बैठक में प्रस्तावित व अनुमोदित की गई है किंतु क्षेत्र के कुछ प्रभावशाली लोगों ने पार्क की चयनित–प्रस्तावित भूमि पर अबैध कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है।

अंबेडकर जन जाग्रति समिति ने ज्ञापन में कहा कि पांच वर्ष पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारेलाल हिमानी कार्यकाल में बामसेफ पुरोला इकाई के अनुरोध पर ही उतराखंड सरकारी की इस भूमि का चयन अंबेडकर पार्क व पुस्तकालय के लिए किया गया था,उस समय भी कुछ प्रभावशाली लोगों ने पार्क की भूमि पर कब्जा किया किंतु एसडीएम ने अंबेडकर जन जाग्रतिसमिति की शिकायत पर कब्जा हटा कर अंबेडकर पार्क का बोर्ड लगा दिया था। ज्ञापन में कहा गया है कि अब पुनःउक्त प्रभाव शाली लोगों ने पार्क की भूमि पर अवैध कब्जा,निर्माण शुरू कर दिया है जिससे अंबेडकर समाज के लोगों व अन्य सामाजिक संगठनों में आक्रोश व्याप्त है

ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई न होने पर समिति जन जागृति मंच आंदोलन को बाध्य होगी,ज्ञापन पर विहारी लाल,धरम लाल,प्रकाश कुमार, सम्मी बोरियाण,दीपक कुमार व आशीष मेगवाल,अध्यक्ष प्रकाशचंद,जिया लाल श्याम लाल गौतम,राजेंद्र कुमार समेत कईयों के हस्ताक्षर हैं।

## विस में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित, योगाचार्य को किया सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। नवरात्रि के अवसर पर विधानसभा में हुए योगाभ्यास कार्यक्रम के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल ने प्रसिद्ध योगाचार्य गोविंद कठैत को सम्मानित कर नियमित योग करने की बात कही। प्रत्येक माह की 21 तारीख को विध ानसभा में विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल के प्रेरणा से योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। मंत्रोच्चारण के साथ प्रारंभ हुए योगाभ्यास में श्री अग्रवाल ने कहा है कि नियमित योग करना हमारे शरीर को स्वस्थ रखता है। उन्होंने कहा है कि विधानसभा के कार्मिको के लिए प्रत्येक माह 21 तारीख को होने वाले योगाभ्यास से प्रेरणा लेकर हर अधिकारी एवं कर्मचारी नियमित योगाभ्यास करें, ताकि वह स्वस्थ होकर राज्य के हित में अधिक से अधिक कार्य कर सकें। अग्रवाल ने कहा कि योग से हमारा मन और चित्र दोनों ही स्वस्थ रहते है इसलिए नियमित योग करना वर्तमान समय में आवश्यक हो गया है।